मीरजापुर पुलिस

प्रेस नोट

दिनांकः 11.07.2024

थाना जमालपुर पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी गयी स्कार्पियो गाड़ी व अवैध तमंचा बरामद-

थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 20.05.2024 को वादी संजीव सिंह पुत्र रामनम सिंह निवासी डबक थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध घर के बाहर खड़ी स्कार्पियों चोरी हो जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दिया गया । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जमालपुर पर मु0अ0सं0-60/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई ।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनन्दन' द्वारा चोरी की उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना का शीघ्र अनावरण व बरामदगी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना जमालपुर को निर्देश दिये गये थे । उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः 10.07.2024 को थाना जमालपुर पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना जमालपुर क्षेत्रांतर्गत जफरापुरा पेट्रोल पम्प के पास वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त अभिनव कुमार उर्फ शनी सिंह पुत्र अशोक सिंह ग्राम पिपरा थाना कुटुम्बा जनपद औरंगाबाद, बिहार को अंतर्गत धारा 379,411,413,414,419,420,467,468 भादवि व 3/25 आयुध अधिनियम में गिरफ्तार किया गया । जिनके पास से चोरी की स्कार्पियों (फर्जी नम्बर प्लेट JH 15 R 0045) तथा 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया । सम्बन्धित अभियुक्त को थाना जमालपुर पुलिस द्वारा नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है । बरामद स्कार्पियों थाना जमालपुर पर पंजीकृत अभियोग 60/2024 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित है ।

विवरण पूछताछ-

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि यह गाड़ी चोरी का है जिसे मैंने बिहार से 1.5 लाख रूपये में खरीदा था । जिसका नम्बर प्लेट बदल कर मेरे द्वारा चलाया जा रहा था ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण—

1- अभिनव कुमार उर्फ शनी सिंह पुत्र अशोक सिंह ग्राम पिपरा थाना कुटुम्बा जनपद औरंगाबाद बिहार, उम्र करीब 26 वर्ष ।

पंजीकृत अभियोग—

मु0अ0सं0-60/2024 धारा 379,411,413,414,419,420,467,468 भादवि व 3/25 आयुध अधिनियम थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर ।

विवरण बरामदगी—

स्कार्पियों (फर्जी नम्बर प्लेट- JH 15 R 0045) तथा 01 अदद अवैध देशी तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस ।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—

प्रभारी निरीक्षक रामनरायन राम थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर मय टीम ।

उप निरीक्षक कुवंर मनोज सिंह चौकी प्रभारी डबक थाना जमालपुर मय टीम ।